रेखा से नीचे हैं और हर विकास खंड में लगभग 600 (छः सौ) परिवारों को सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। मैं भारत सरकार का ध्यान उन लोगों की ओर दिलाना चाहता हूं जो कि अधिक निर्धन हैं और हिमाचल के छोटे-छोटे नगरों में जहां कारपोरेशन, म्युनिसिपल कमेटी और स्माल टाउन कमेटी के क्षेत्र में आते हैं, इन्हें किसी प्रकार की आई.आर.डी. द्वारा सुविधा प्रदान नहीं है और ये लोग जो पहाड़ी क्षेत्रों में रहते हैं इस प्रभावशाली योजना से कोई भी लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। मैं भारत सरकार से अनुरोध करूंगा कि जो लोग उक्त कमेटी क्षेत्रों की सीमा में आते हैं का सर्वेक्षण किया आए और जो सुविधा ग्रामीण निर्धन लोगों को प्राप्त है, उन्हें भी प्राप्त कराई जाए।

(v) Central direction sought to remove illegal shops and Kiosks from the Vicinity of Sarnath temple.

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : उपाध्यक्ष महोदय, अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के बौद्ध तीर्थस्थल सारनाथ (वाराणसी) उत्तर प्रदेश का सौन्दर्य एवं रमणीकता स्थानीय गुमटियों एवं खोखों के कारण नष्ट एवं धूमिल हो रही है। विदेशी यात्रियों एवं पर्यटकों से ये दूकानदार मनमाने ढंग से पैसा वसूल करके तथा अभद्र व्यवहार करके राष्ट्र की छवि को विदेशियों की दृष्टि में गिरा रहे हैं। सारनाथ के इस विश्व-विख्यात स्थल का हमारे राष्ट्र नायक स्वर्गीय प्रधान मन्त्री पं० जवाहर लाल नेहरू द्वारा लाखों रुपया व्यय करके दो हजार पांच सौवीं बुद्ध जयंती पर, उद्धार एवं सुन्दर कायाकल्प कराया गया है। आज भारत-भ्रमण पर आने वाले विदेशी पर्यटक राष्ट्राध्यक्ष तथा सरकारी शिष्ट मण्डल 95 प्रतिशत सारनाथ में आते हैं जिससे हमारे देश को पर्याप्त विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है और ये विदेशी पर्यटक भारत की प्राचीन संस्कृति एवं बौद्ध तीर्थ स्थल को देखकर परम संतुष्ट होते हैं। इस स्थल पर राजकीय पथों एवं तीर्थ स्थलों की सड़क के दोनों किनारे अवैध रूप से सैकड़ों गुमटियां और खोखों का निर्माण करके वहां की सुन्दरता को नष्ट किया जा रहा है और दूकानदार विदेशी पर्यटकों को बसों और कारों से उतरते ही बुरी तरह घेर कर नकली मूर्तियां और अन्य माल खरीदने को बाध्य करते हैं। नगर महापालिका और वाराणसी विकास प्राधिकरण का ध्यान इन अवैध गुमटियों को हटाने हेतु दिलाने पर वे मौन हैं और कोई प्रभावी कार्यवाही अमल में नहीं लाते।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि वह इस मामले की गम्भीरता को समझते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को तुरन्त निर्देश देकर सारनाथ से अवैध गुमटियों को हटवाए जिससे वहां की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा हो सके।

(vi) Acute Scarcity of kerosene in Midnapur district, West Bengal.

SHRI NARAYAN CHOUBEY (Midnapore) : Sir, a large part of Midnapur district in West Bengal such as Itargram sub division, Midnapur sub division, Sadar, Kharagpur sub division are suffering from acute shortage of Kerosene. The IOC has unilaterally reduced the quota without consulting with anybody. This has caused sudden hardship for the people of the area which is a traditionally backward area inhabited by people belonging to SC/ST commuuities.

The Government immediately intervene and restore the old quota to end the avoidable hardship of the people of the area.

(vii) Demand for a 100 line Telephone Board for Hanumangarh (Rajasthan).

श्री बीरबल (गंगानगर) : हनुमानगढ़ टाउन में पिछले दो वर्षों से सौ टेलीफोन लगाने